Reg. Need for expedite the matters of land allotment for setting up of ?Film Academy Training School? and ?National Films Studio? in Bhawanipatna, Western Odisha.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी) : माननीय सभापति महोदय, पिछले नौ वर्षों से हमारे देश के विभिन्न क्षेत्र के कलाकारों का कौशल बढ़ाने और उनको विश्व स्तर पर ले जाने के लिए मोदी सरकार लगातार प्रयासरत है । मैं इसके लिए अपनी सरकार को धन्यवाद देता हूं । भारत सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों और देशों में कलाकार प्रतियोगिताएं, कला संगमों द्वारा आयोजित करवाई जाती हैं ।

सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान ओडिशा के पश्चिम क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । यहां ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्मारक स्थित होने के साथ ही पश्चिम ओडिशा में भवानीपटना पश्चिम ओडिशा का केंद्र बिंदु है । कालाहाण्डी, कोरापुट और नुआपड़ा के कई स्थानों को भारत के दूसरे कश्मीर के नाम से जाना जाता है । यहां विशाल घाटी, पहाड़, पानी के बड़े झरने, डैम्स, प्राकृतिक संसाधन और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर अद्भुत नजारे स्थित हैं । यह क्षेत्र आदिवासी, कला, गीत-संगीत, नृत्य और ओडिशा के विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों का उद्गम स्थल है । हमारे यहां पश्चिम क्षेत्र के प्रतिभापूर्ण कलाकार अपनी प्रतिभा को दिखा सकते हैं, जिससे अभी वे वंचित हैं । पश्चिम ओडिशा में फिल्म स्टूडियो न होने के कारण यहां के कलाकारों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पा रहा है । पश्चिम ओडिशा हमेशा से उपेक्षा का कारण बना हुआ है और राज्य सरकार ?स्टेपमदर एटिट्यूड? हमारे क्षेत्र के प्रति दिखाती आ रही है । ओडिशा में सिर्फ एक कलिंगा स्टूडियो है, जो कि कटक में स्थित है ।

सभापति महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि उपरोक्त मामलों को गंभीरता से ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार को निर्देशित कर पश्चिम ओडिशा में भवानीपटना के पास अकादमिक फिल्म प्रशिक्षण स्कूल और साथ में राष्ट्रीय फिल्म स्टूडियो स्थापित करने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा करके भूमि आवंटन हेतु आग्रह किया जाए, ताकि वहां जल्द से जल्द एक फिल्म स्टूडियो की शुरूआत हो सके, जिससे हमारी आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा मिले ।

पश्चिम ओडिशा की बड़ी आबादी आदिवासी बाहुल्य है । इससे यहां से आदिवासी युवाओं को राष्ट्रीय मंच पर भाग लेने और पश्चिम क्षेत्र के कलाकारों को विश्व स्तर पर अपनी कला को प्रदर्शित करके क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए बढ़-चढ़कर मौका मिलेगा ।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से, संबंधित मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूं कि तुरंत इसके ऊपर कदम उठाया जाए ।